# फर्द अहकाम

## कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री रमेशसिंह पुत्र श्री हरिसिंह रावत निवासी नया बाड़िया (आडावाला) बली जस्साखेड़ा, तहसील भीम जिला राजसमन्द (राज.)

**– अपीलार्थी**

**बनाम**

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम **– प्रत्यर्थी**

**किस्म मुकदमा** – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 62/2023**

| क्रमांक | कार्यवाही विवरण | हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई |
|---|---|---|
| | **दिनांक 09.10.2023**<br>पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।<br>लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से जरिये क्रमांकः/आर.टी.आई./2023/1251–1252 दिनांक 18.09.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी/प्रार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत आवेदन आवेदन दिनांक 18.07.2023 द्वारा वांछित सूचना प्रार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक इस कार्यालय के पत्र क्रमांक भू.अ./आर.टी.आई./2023/1228–1230 दिनांक 14.09.2023 से प्रेषित कर दी गई है एवं अब प्रार्थी कोई सूचना दिया जाना शेष नहीं है।<br>लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना प्रार्थी को जरिये रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित/उपलब्ध करा दी जाने से उक्त प्रकरण खारिज किया जाता है।<br>निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे।<br>**पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।**<br><br>**लोक सूचना अपीलीय अधिकारी**<br>**(जिला कलक्टर) राजसमंद** | |

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)